सेवा में,

**मा0 राजस्व मंत्री महोदय**
**उ0 प्र0 सरकार, लखनऊ**
द्वारा उपजिलाधिकारी, तहसील.......................... जनपद ..............................

## ज्ञापन

**विषयः– लेखपाल संवर्ग की मॉगों के सम्बन्ध में शासनादेश निर्गत कराये जाने विषयक।**

महोदय,

सादर निवेदन करना है कि उ0 प्र0 लेखपाल संघ द्वारा 16 मार्च 2016 को 6 सूत्रीय मॉगपत्र महोदय की सेवा में प्रस्तुत किया था, जिसमें (1) ए0 सी0 पी0 विसंगति, (2) वेतन उच्चीकरण (3) पदनाम व शैक्षिक योग्यता परिवर्तन (4) मण्डलीय स्थानान्तरण नीति में परिवर्तन (5) प्रोन्नती के अवसरों में वृद्धि (6) नई पेंशन व्यवस्था की त्रुटि दूर करने की मॉग की गईं थीं। मा0 प्रमुख सचिव (राजस्व) महोदय के द्वारा निर्गत पत्र दिनॉक 18 अप्रैल 2016 के द्वारा राजस्व परिषद लखनऊ से उपरोक्त मॉगों के सम्बन्ध में स्पष्ट संस्तुति सहित आख्या चाही गई थी। राजस्व परिषद द्वारा मॉगों से सहमति व्यक्त करते हुए 1994 के बाद नियुक्त लेखपालों के सम्बन्ध में उत्पन्न हुई ए0 सी0 पी0 विसंगति को दूर करने व लेखपाल संवर्ग के प्रशासनिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए प्रारम्भिक वेतनमान 5200–20200 ग्रेड पे 2800 करने सहित समस्त 6 मॉगों के सम्बन्ध में प्रस्ताव संस्तुति सहित दिनॉक 16 जून 2016 को मा0 प्रमुख सचिव (राजस्व) को भेजे जा चुके हैं।

महोदय, उ0 प्र0 लेखपाल संघ 31337 लेखपालों की पंजीकृत संस्था है। संस्था का सदैव मत रहा है कि अपनी न्यायोचित मांगों को तर्कपूर्ण व शान्तिपूर्ण तरीके से शासन/परिषद के सम्मुख प्रस्तुत करते हुये अपने कर्तव्यों को लगातार निभाते रहें। संस्था द्वारा लम्बे समय से इसी नीति पर कार्य करते हुए शासन के विभिन्न पटलों पर वार्ता व पत्राचार द्वारा अपनी न्यायोचित मांगों को निस्तारित कराने का प्रयास किया गया है परन्तु मा0 राजस्व परिषद के संस्तुति सहित प्रस्तावों के पश्चात भी अभी तक शासन स्तर से शासनादेश/नियमावली संशोधन निर्गत नहीं किये गये हैं। जिससे संवर्ग में आक्रोश व्याप्त है।

महोदय, उ0 प्र0 सरकार द्वारा विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगति, वेतन उच्चीकरण व अन्य मांगों का निस्तारण किया गया है परन्तु महोदय के निर्देशानुपालन में मा0 राजस्व परिषद द्वारा लेखपाल संवर्ग की मांगों से सहमति व्यक्त करते हुए संस्तुति सहित प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने के बावजूद शासन से शासनादेश/नियमावली संशोधन निर्गत न होने के कारण लेखपाल संवर्ग स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहा है। उ0 प्र0 लेखपाल संघ की प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक दिनॉक 03 व 04 जुलाई 2016 में प्रदेश के समस्त जनपदों से आये पदाधिकारियों द्वारा रोष प्रकट किया गया था तथा बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार माननीय मुख्य सचिव महोदय को दिनॉक 05.07.2016 को पत्र देकर दिनॉक 14.07.2016 तक शासन लेखपाल सम्वर्ग की निम्नलिखित मॉगों के सम्बन्ध में शासनादेश निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया था किन्तु आज तक कोई शासनादेश/नियमावली संशोधन निर्गत नहीं किया गया है जिस कारण लेखपाल सम्वर्ग आन्दोलन को बाध्य है।